पहला कलमा तय्यब हिंदी में | **Pehla Kalma Tayyab In Hindi**

ला इलाहा इलल्लाहु मुहम्मदुर्रसूलुल्लाहि

अल्लाह पाक के सिवा कोई माबूद नहीं और हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहिवसल्लम अल्लाह के सबसे नेक बंदे और आखिरी रसूल हैं।

दूसरा कलमा शहादत हिंदी में

अश-हदु अल्लाह इल्लाहा इल्लल्लाहु वह-दहु ला शरी-क लहू व अशदुहु अन्ना मुहम्मदन अब्दुहु व रसूलुहु @

मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह पाक के सिवा कोई इबादात करने के लायक (माबूद) नहीं। वो अकेला है और उसका कोई शरीक नहीं, और मैं गवाही देता हूँ कि हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहिवसल्लम अल्लाह के नेक बंदे और आखिरी रसूल (पैगंबर) है।

तीसरा कलमा तमजीद हिंदी में

सुब्हानल्लाही वल् हम्दु लिल्लाहि वला इलाहा इल्ल्लाहु वल्लाहु अकबर, वला हौला वला कूव्-व-ता इल्ला बिल्लाहिल अलिय्यील अजीम @

अल्लाह की ज़ात पाक है और सब तारीफें अल्लाह ही के लिए है और अल्लाह पाक के सिवा कोई माबूद नहीं और अल्लाह ही सबसे बड़ा है। किसी में न तो ताकत है न क़ुव्वत लेकिन अगर कोई ताकत और क़ुव्वत वाला है तो वो अल्लाह है जो बहुत शान वाला और सबसे आला (बड़ा) है।

चौथा कलमा तौहीद हिंदी में

ला इलाहां इल्लल्लाहु वह्-दहु ला शरीका लहू लहुल मुल्क व लहुल हम्दु युहयी व युमीतु व हु-व हय्युल-ला यमूतु अ-ब-दन अ-ब-दा जुल-जलालि वल इक् रामि वियदि-हिल खैर व हु-व अला कुल्लि शैइन क़दीर @

अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं इबादत के लायक, वो एक है, उसका कोई हिस्सदार नहीं, सबकुछ उसी का है और सारी तारीफ़ें उसी अल्लाह के लिए है। वही जिंदा करता है और वही मारता है। वो हमेशा रहने वाला है उसे कभी मौत नहीं आने वाली। वो बड़े जलाल और बुज़ुर्गी रखने वाला है। अल्लाह के हाथों में हर तरह की भलाई है और वो हर चीज़ पर क़ादिर है। हर चीज़ पर प्रभाव रखता है।

पांचवाँ कलमा इस्तिग़फ़ार हिंदी में

अस्तग़-फिरुल्ला-ह रब्बी मिन कुल्लि जाम्बिन अजनबतुहु अमदन अव् खतअन सिर्रन औ अलानियतंव् व अतूवु इलैहि मिनज्जम्बिललजी ला अ-अलमु इन्-न-क अन्-त अल्लामुल गुयूबी व् सत्तारुल उवूबि व् गफ्फा-रुज्जुनुबि वाला हौला वला कुव्-व-ता इल्ला बिल्लाहिल अलिय्यील अजीम

मै अपने परवरदिगार यानी अल्लाह पाक से अपने तमाम गुनाहो कि माफ़ी मांगता हूँ। मैंने जो गुनाह जान-बूझकर किये या भूल कर किये, छिप कर किये या खुल्लम खुल्ला किये हर गुनाह से माफ़ी मांगता हूँ, और तौबा करता हूँ मैं उस गुनाहों से जिन्हें मैं जानता हूँ और उस गुनाहों से भी जिन्हें मैं नहीं जानता। ऐ मेरे अल्लाह बेशक़ तू ग़ैब की बाते जानने वाला और ऐबों को छिपाने वाला है और गुनाहो को बख्शने वाला है और गुनाहो से बचने की ताक़त और नेकी करने की क़ुव्वत अल्लाह ही की तरफ़ है जो बहुत बुलंद मर्तबे वाला है।

छठवां कलमा रद्दे कुफ्र हिंदी में

अल्लाहुम्मा इन्नी ऊज़ुबिका मिनआना उशरिका बिका शय-अन व अना आलमु बिही व अस्ताग्फिरुका लिमा ला आलमु बिही तुब्तु अन्हु व तबर्रअतू मिनल कुफरी वशशिरकी वल किज्बी वल गीबती वल बिदअति वन नमीमति वल फवाहिशी वल बुहतानी वल मआसी कुल्लिहा व अस्लमतु व अकूलू ला इलाहा इल्ललाहू मुहम्मदुर रसूलुललाह @

ऐ अल्लाह में तेरी पनाह मांगता हूँ इस बात से कि मैं किसी को जानबूझकर तेरा शरीक बनाऊं और बख्शिश मांगता हूँ तुझसे उस शिर्क की जिसको मैं नहीं जानता और मैनें हर तरह के कुफ्र और शिर्क से तौबा की और अलग हुए झूट से और ग़ीबत से और बिदअत से और चुगली से और बेहयाईयों से और बोहतान से और तमाम गुनाहों से। और में इस्लाम लाया, और में कहता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई इबादत के लायक नहीं और हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहिवसल्लम अल्लाह के रसूल है।